ont>

Title: Regarding passing of Women's Reservation Bill in the Parliament.

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) : अध्यक्ष महोदय, महिला आरक्षण बिल को मंजूरी देने के बारे में सरकार ने ऐश्योरैंस दिया है लेकिन अभी तक उसे मंजूरी नहीं दी गई है। मेरी मांग है कि 543 सीटों में 182 सीटें और बढ़ानी चाहिए। अगर उसके लिए डीलिमिटेशन की प्राबल्म है तो सरकार को उसमें अमैंडमैंट करने का अधिकार है। इसलिए 225 तक रुकने की आवश्यकता नहीं है। मेरी मांग है कि सैंट्रल हॉल को लोक सभा बनाया जाना चाहिए और लोक सभा हॉल को राज्य सभा बनाया जाना चाहिए तथा महिलाओं को रिजर्वेशन मिलना चाहिए।â€¦ (व्यवधान)

DR. V. SAROJA (RASIPURAM): I may be permitted to associate with him.

MR. SPEAKER: Yes, you can positively associate with him.

आज सदन में 25 लोगों को बोलने का मौका मिला, इसके लिए मैं सब सदस्यों को धन्यवाद देता हूं और चाहता हूं कि हर रोज ज़ीरो आवर में आप सबका यही बर्ताव हो। मुझे इस बात की खुशी है कि सदन ने सबको बोलने का मौका देने में समझदारी दिखाई। मुझे सबको बोलने का मौका देने में खुशी होती है। मैं यही चाहूंगा कि जैसे आज सबका बर्ताव रहा, वैसे ही हर रोज रहे।